हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 14 जून 2025

9 राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारियों ने की बैठक



10 जिला बार संघ ने विमान हादसे पर रखा नो वर्क डे



खबर संक्षेप

### टोहाना क्षेत्र से लापता हुई दो युवतियां, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना क्षेत्र से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पिरथला निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 22 वर्षीय लड़की गत दिवस घर पर बिना बताए कहीं चली गई है। दूसरे मामले में सदर टोहाना पुलिस ने गांव अकांवाली निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 22 वर्षीय लडक़ी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

### पुलिस ने कुछ ही घंटों में वाहन चोर को पकड़ा

**फतेहाबाद।** वाहन चोरो की धरपकड़ करते हुए भूना पुलिस ने वारदात के कुछ ही घंटों में एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू पुत्र हनुमान निवासी धोलू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरीशुदा मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है।

### पुलिस ने दो युवक पकड़े चोरीशुदा बाइक बरामद

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों की धरपकड़ को लेकर अभियान चलाते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचार अमरपाल उर्फ काशी पुत्र गुरमीत सिंह निवासी रतिया व जसकरण उर्फ जस्सी पुत्र बूटा सिंह निवासी कुलां के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक चोरीशुदा मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है।

### किसान की जेब से निकाली 50 हजार की नकदी

**टोहाना।** दम कोरा से कृषि यंत्र खरीदने के लिए आया किसान जब पानी पीने लगा तो अज्ञात नाबालिग ने उसकी जेब से पचार हजार की नकदी चुरा ली।आस पास के लोगों ने तुरंत उक्त बच्चे को काबू कर लिया और नकदी लेकर किसान को सौंप दी। किसान अजायब सिंह टोहाना में पानी की मोटर लेने आया था। छबील पर पानी पीने लगा तभी नाबालिग ने किसान की जेब 50 हजार रूपये निकाल ली।

### हेरोइन के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**टोहाना।** पुलिस ने हेरोइन सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान आलोक के रूप में हुई है। एसआई शादीराम ने बताया कि पुलिस टीम एसआई पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान गांव ठरवी की ओर से एक युवक आ रहा था। पुलिस को देखकर युवक कच्चे रास्ते पर मुड़ गया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे काबू कर उसकी तलाशी ली तो 5.90 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### मतदान केंद्रों के आसपास लगाई गई धारा 163

**फतेहाबाद।** जिलाधीश मनदीप कौर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 15 से 17 जून तक चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने तथा मतदान केंद्रों के आसपास कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीएनएसएस की धारा 163 लगाई गई है।

### दिव्यांगों व वृद्धों को सहायक उपकरण वितरण 17 जून को

**फतेहाबाद** जिला रेडक्रास की ओर से जिन दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को पैमाइश शिविर के माध्यम से सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए चयन किया गया था, उन्हें 17 जून को सुबह 9 बजे स्थानीय पटवार भवन में विभिन्न उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला के ऐसे चयनित 171 दिव्यांगजनों व वृद्धजनों को मोटराइज्ड रिक्शाआदि उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## मानसून की सूचना मात्र से दहशत में है घग्घर के तटवर्ती गांवों के लोग

# शिवालिक की पहाड़ियों में तेज बरसात से हुए थे भयावह हालात, इस साल तैयारियां अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

मानसून के प्रदेश में प्रवेश की सूचनाओं के बाद जिलावासियों के दिल में बाढ़ को लेकर भय की स्थिति बन जाती है। फतेहाबाद जिले से गुजर रही घग्गर नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में बसे गांवों के लोग भयभीत हो जाते हैं। इसका मुख्य कारण घग्गर नदी में आने वाली बाढ़ से होने वाला विनाश है। घग्गर के तटबंध कमजोर होने व समय पर इनकी मुरम्मत न होने से बाढ़ यहां करीब 11 बार अपनी विनाशलीला दिखा चुकी है। दो वर्ष पूर्व जाखल क्षेत्र से गुजर रही घग्घर नदी के चांदपुरा बांध व गांव शक्करपुरा में रंगोई नाले के टूटने से करीब एक लाख एकड़ फसल डूब गई थी। बाढ़ से यहां 120 गांवों व 200 से अधिक ढाणियां डूब गई थी। बाढ़ के कारण लोग पीने के पानी और खाने तक को मोहताज हो जाते हैं। इस साल बाढ़ की आशंका के चलते जिला प्रशासन अभी से ही तैयारियों में जुट गया है। करीब 6 हजार मनरेगा मजदूर रंगोई और घग्घर की सफाई में जुटे हैं। डीसी मनदीप कौर संभावित बाढ़ से बचाव की तैयारियों को लेकर दो बार अधिकारियों की बैठक ले चुकी हैं। इस बारे 28 जून के आसपास हरियाणा में मानसून दस्तक दे सकता है। फतेहाबाद जिले में घग्गर के तटवर्ती क्षेत्रों पर बसे 60 गांव ऐसे हैं जो 1962 के बाद 11 बार बाढ़ की विभाषिका झेल चुके हैं। मानसून के समय जब पानी का बहाव तेज होता है तो घग्गर के तटबंध टूट जाते हैं और पानी खेतों के साथ गांव की आबादी में भी अपना तांडव मचाता है।



**फतेहाबाद।** शक्करपुरा रंगोई टूटने से चिम्मो पुल से फतेहाबाद की ओर बढ़ता पानी। *(फाइल फोटो 2023)*



**फतेहाबाद।** बाढ़ के पानी में डूबा शहर का आर्यन स्कूल। *(फाइल फोटो 2023)*

### जिले में कब-कब आई बाढ़

फतेहाबाद में वर्ष 1962, 1976, 1977, 1983, 1988, 1993, 1995, 1998, 2010 और 2023 में अपनी विनाशलीला दिखा चुकी है। इन गांवों के बुजुर्ग अभी तक उन दिनों को नहीं भूलते जब उनके खेत व गांव बाढ़ से बर्बाद हो गए। गांव चूहड़पुर के किसान करनैल सिंह ने बताया कि 2010 में बाढ़ ने उनके आस-पास के 20 गांवों को चपेट में ले लिया था। गांव की ढाणियों में रहने वाले लोगों के पास पीने को पानी तक नहीं था। गांव की मूल आबादी के लोग यहां से पलायन करके सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए थे। खेतों में धान की फसल के बाद अगली गेहूं की बिताई भी नहीं हो पाई। इस बाढ़ से दो फसलें प्रभावित हुई थी।

### 24 घंटे पानी के स्तर पर रहेगी नजर

घग्गर नदी में पानी का स्तर जानने के लिए 24 घंटे डाकबाबू तैनात रहेगा, जो खनौरी, चांदपुरा व गुहला चीका से सुबह-शाम पानी के स्तर को रिकार्ड करते हुए उच्चाधिकारियों तक इसकी जानकारी पहुंचा रहा है। घग्गर में बाढ़ आने से पूर्व ही इसका पता लगाया जा सके। संभावित बाढ़ की आशंका के चलते प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर रखी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों व नंबरदारों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। तटबंध मजबूत किए जा रहे हैं वहीं ड्रेनेज की सफाई करवाई गई है। जल्द ही ड्रेनों की सफाई का काम पूरा हो जाएगा।

-प्रतीक हुड्डा, एसडीएम टोहाना

### चांदपुरा साइफन के ओवरफ्लो होने से आई बाढ़

वर्ष 2023 में फतेहाबाद से गुजर रही घग्गर नदी के चांपुरा साइफन में रिकार्ड तोड़ पानी का बहाव रहा। यहां 21 हजार क्यूसिक से अधिक पानी का बहाव दर्ज किया गया जबकि इसकी क्षमता 20 हजार क्यूसिक तक है। 15 जुलाई की रात को चांदपुरा बांध ऐसा टूटा कि पंजाब क्या, जाखल, टोहाना, रतिया के बाद बाढ़ का पानी फतेहाबाद शहर के बाईपास तक पहुंच गया था। इसके साथ ही अगले दिन शक्करपुरा में बह रही रंगोई नदी का तटबंध भी टूट गया। इसके बाद जिलावासी एक माह तक बाढ़ के भयावह हालातों से जूझते रहे।

### 6 हजार मनरेगा मजदूर लगे सफाई में

घग्घर में मानसून के सीजन में आने वाली बाढ़ से जिले को बचाने के लिए प्रशासन कवायद में जुट गया है। इलाके से गुजरने वाली घग्घर नदी और उसके सहायक नाले रंगोई की साफ सफाई का काम बड़े पैमाने पर शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही ड्रेनों की सफाई और उनके रखरखाव का काम भी शुरू हो गया है। पंचायती राज विभाग द्वारा जिले के 19 गांवों जहां से घग्घर और रंगोई होकर गुजरते हैं वहां मनरेगा के तहत काम शुरू करवा दिया गया है। अधिकारियों की माने तो इस काम मे मनरेगा के 5733 मजदूर लगे हुए हैं। मेंटेनेंस का यह काम 15 जून तक चलेगा।

### ये गांव होते हैं प्रभावित

संभावित बाढ़ से प्रभावित 120 गांवों को प्रशासन ने चिन्हित किया है। इनमें फतेहाबाद के रजाबाद, धिड़, माजरा, बरसीन, बिसला, खानपुर, भड़ोलांवाली, ढाणी ठोबा, ढाणी ईसर, हिजरावां खुर्द, नकटा, रत्ताटिब्बा, अहलीसदर, बहबलपुर बैजलपुर, बहबभम्बिया, अयाल्की, के अलावा जाखल के 25 रतिया के 35 व फतेहाबाद के 42 गांव शामिल हैं।



टोहाना। आग लगने से हुए नुकसान की जानकारी देता संदीप। *फोटोः हरिभूमि*

# शार्ट सर्किट से मोबाइल की दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

- दुकानदार ने प्रदेश सरकार से मदद की गुहार लगाई

शहर के भुना रोड स्थित सोनू मोबाइल वर्ल्ड की दुकान में देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकानदार ने प्रदेश सरकार से मदद की गुहार लगाई है ताकि वह अपना गुजारा कर सके।दुकानदार संदीप के अनुसार आग की यह घटना रात करीब 3 बजे की है। भुना रोड पर काम करने वाले चौकीदार ने दुकान से धुआं निकलते देखा और तुरंत दुकान मालिक संदीप को सूचित किया। संदीप जब अपने भाई गुलशन के साथ मौके पर पहुंचा तो आग की लपटें उठ रही थीं। आग की सूचना दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान का ज्यादातर सामान जल चुका था। इस दौरान पुलिस की टीम भी मौके पर रही। दुकान में लगा एयर कंडीशनर, एलईडी, नए मोबाइल फोन और मरम्मत के लिए आए ग्राहकों के फोन जल गए। इसके अलावा फोल्डर और दुकान का फर्नीचर भी आग की भेंट चढ़ गया। दुकानदार संदीप पिछले 6 साल से यहां मोबाइल की दुकान चला रहे थे। उन्होंने बताया कि आग से करीब 11 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वे सरकार से नुकसान की भरपाई के लिए मदद की मांग कर रहे हैं ताकि अपना गुजारा कर सके।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**सिरसा।** शहर में एक किशोर की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। इसकी सूचना शहर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां पर शुक्रवार दोपहर को पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार राधेश्याम अपने घर की छत पर कबूतर उड़ा रहा था। वहीं राधेश्याम के घर के पास से गुजरती हाईटेंशन लाइनें बिजली की तार की चपेट में आ गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं बिजली निगम के एसई राजेंद्र सबरवाल ने बताया कि हमारी ओर से हाईटेंशन लाइनें हटाने का काम चल रहा है।

# पुलिस ने गुम मोबाइल ढूंढकर लौटाए

- कार्यभार ग्रहण करने के बाद एसपी सिद्धांत के मार्गदर्शन में पुलिस ने 58 मोबाइल फोन खोजकर वास्तविक मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस की साइबर सेल ने एक बार फिर तकनीकी दक्षता, त्वरित कार्रवाई और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुम हुए मोबाइल फोनों को खोजकर उन्हें उनके असली मालिकों को लौटाया है। यह कार्य न केवल तकनीकी सूझबूझ का प्रमाण है, बल्कि इससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ हुआ है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस न केवल अपराध नियंत्रण में सक्रिय है, बल्कि आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित कर, उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान कर रही है। एसपी सिद्धांत जैन के कार्यभार संभालने के बाद से अब तक कुल 58 गुमशुदा मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये है, फतेहाबाद साइबर सेल द्वारा खोजे जा चुके हैं। इसी क्रम में आज 7 महंगे स्मार्टफोन, जिनकी कीमत लगभग 4 लाख रुपये आंकी गई है, उनके मालिकों को लौटाए गए। साइबर सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश व सहायक उपनिरीक्षक राम नरेश के नेतृत्व में टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए मोबाइल फोन ट्रेस किए। जैसे ही लोकेशन की पुष्टि हुई, नागरिकों से संपर्क कर विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए मोबाइल लौटाए गए।



**फतेहाबाद।** लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल लौटाते एसपी सिद्धांत जैन।

# शिकायतों के जल्द निवारण पर सरकार का जोर

- समाधान प्रकोष्ठ ने की साप्ताहिक समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा में नागरिकों को निर्बाध और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता निरंतर बनी हुई है। इसी के तहत, समाधान प्रकोष्ठ जन शिकायतों के त्वरित निपटान का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। शुक्रवार को मुद्रण एवं लेखन सामग्री और पशुपालन विभाग के आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर की साप्ताहिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट और सशक्त निर्देश दिए। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निपटारा अत्यधिक तत्परता और सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि सरकार का मुख्य लक्ष्य यह है कि किसी भी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। उनका स्पष्ट मत था कि जनमानस की कठिनाइयों को कम करना और उन्हें समयबद्ध तरीके से राहत देना ही सरकारी प्रयास का केंद्रीय बिंदु है।





**फतेहाबाद।** समाधान शिविर की साप्ताहिक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी। *फोटोः हरिभूमि*

### लंबित न रखें शिकायत

आयुक्त एवं सचिव विजय दहिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसी भी प्रकार की शिकायत को लंबित न रखें और पुरानी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी अधिकारी समीक्षा बैठक में आने से पहले पूरी तैयारी के साथ आएं और पोर्टल पर शिकायतों को अपलोड करते समय यह ध्यान रखें कि वे पढने योग्य हों, ताकि उनका उचित मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शिविर में सभी अधिकारी उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें और यदि किसी कारणवश अवकाश पर जाना पड़े तो उपायुक्त से अनिवार्य रूप से अनुमति प्राप्त करें। साप्ताहिक समीक्षा बैठक सार्वजनिक शिकायतों के निवारण तंत्र को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



**फतेहाबाद।** बारिश के कारण भीगी कालोनी। *फोटोः हरिभूमि*

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते शहर के एक हिस्से में बारिश दूसरा सूखा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- भट्टू कलां में पांच बजेउ तक हुई 8,5 एमएम बारिश

पिछले कई दिनों से प्रदेश में पड़ रही प्रचंड गर्मी व कहर बरपाती तेज लू से बेहाल लोगों को शुक्रवार को उस समय राहत मिली। जब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते आंधी व बारिश शुरू हो गई। हालांकि पानी पूरे शहर में ना बरसकर आधे शहर में ही बरसा, लेकिन तापमान में गिरावट आ गई। तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। शहर में मात्र दो मिनट बारिश हुई तो 10 से 15 मिनट बारिश का सामाचार है। पिछले कुछ दिनों से गर्मी ने रिकार्ड तोड़ रखे हैं। पिछले चार दिनों से यहां का तापमान 43 से 45 डिग्री के बीच चल रहा है जिस कारण लोगों का गर्मी में जीना मुहाल हो गया है।

मौसम विभाग ने पिछले दिनों 13 जून को पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते आंधी व तुफान की संभावना जताई थी। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक ही दोपहर 4 बजे आंधी शुरू हो गई और उसके बाद हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आई गई। बारिश फसलों के लिए फायदेमंद बताई गई है। पिछले 15 दिनों से नरमे की फसल तेज धूप से झूलस रही थी। बारिश के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग के अनुसार, 14 से 17 जून तक धूल भरी आंधी व बूंदाबादी की संभावना है। जबकि 25 जून के बाद प्री मानसून की बारिश हो सकती है।

# एसडीएम ने किया पुस्तकालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर के दिशा निर्देशानुसार उपमंडलाधीश राजेश कुमार ने स्थानीय बाल भवन में संचालित किए जा रहे जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से भी संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के दौरान जिला पुस्तकालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों ने एसडीएम राजेश कुमार को अवगत कराया कि पुस्तकालय में स्थापित कूलर की आवाज ज्यादा होने के कारण पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा विद्यार्थियों ने पुस्तकालय में वाई फाई लगवाने व पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध करवाने आदि की मांग भी एसडीएम के समक्ष रखी। विद्यार्थियों ने एसडीएम को बताया कि उन्हें पुस्तकालय में पढ़ाई करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। निरीक्षण के दौरान बीईओ विजय कुमार व कॉलेज की प्राचार्य लखबीर कौर आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** बाल भवन में संचालित जिला पुस्तकालय का निरीक्षण करते एसडीएम राजेश कुमार।

### आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन 17 को

फतेहाबाद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि 17 व 18 जून को आईटीआई, भोडिया खेड़ा में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। चयनित छात्रों को 11000 रुपये से 20067 रुपये प्रतिमाह वेतनमान तथा अन्य सुविधा जैसे कि कैंटीन, वर्दी इत्यादि कंपनी पॉलिसी अनुसार प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 जून को वर्ष 2020 से 2024 तक के पास छात्रों की लिखित परीक्षा व साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

## कारगिल शहीद मनोहर लाल मावलिया को दी गई श्रद्धांजलि

# मनोहर का जीवन कर्तव्यनिष्ठा की मिसालः सूबेदार

- शहादत के 5 दिन बाद आया था लेफ्टिनेंट बनने का पत्र
- मनोहर लाल अमर रहें के जयघोष के साथ नमन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

शहीद मनोहर लाल का जीवन बलिदान, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणादायक मिसाल है, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। यह बात दिल्ली से विशेष रूप से पहुंचे 18 ग्रेनेडियर यूनिट के सूबेदार प्रवीण कुमार ने कारगिल युद्ध के वीर शहीद मनोहर लाल मावलिया की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को गांव ढाणी डूल्ट व फतेहाबाद के डीएसपी रोड पर गैस एजेंसी में श्रद्धांजलि समारोह में संबोधित करते हुए कही। शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनोहर लाल अमर रहें के जयघोष के साथ उन्हें नमन किया गया। दिल्ली से 18 ग्रेनेडियर यूनिट के सूबेदार प्रवीण कुमार और सैनिक प्रवीण सिंह ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित के साथ श्रद्धांजलि दी। समारोह में शहीद के माता-पिता रामेश्वर दास मावलिया और हरकोरी देवी से इस दौरान यूनिट के दोनों जवानों ने शहीद मनोहर लाल की वीरता के किस्से साझा किए, जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। श्रद्धांजलि सभा के बाद पूरे दिन लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शहीद के छोटे भाई राजेश कुमार मावलिया ने समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मास्टर रणधीर सिंह मावलिया, अमित कुमार मदान, वरुण राव, लवली, कृष्ण कुमार, प्रहलाद सिंह समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



भूना। शहीद मनोहर लाल की प्रतिमा पर पुष्पचक्र चढकर सलामी देते सुबेदार।

### शहादत के पांच दिन बाद आया लेफ्टिनेंट का जॉइनिंग लेटर

मनोहर लाल मावलिया ने सेना में भर्ती के बाद एनडीए की परीक्षा पास की थी और लेफ्टिनेंट बनने की प्रक्रिया में थे। लेकिन इससे पहले ही 1999 में कारगिल युद्ध छिड़ गया और द्रास सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों से लोहा लेते हुए 13 जून को वह वीरगति को प्राप्त हो गए। दुःखद विडंबना यह रही कि उनकी शहादत के मात्र पांच दिन बाद उनके नाम का लेफ्टिनेंट नियुक्ति पत्र उनके घर पहुंचा।




समुद्र में गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।



उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्स्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

#### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

#### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल ढूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है । कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

---

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान** : अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित** : गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा**: अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस** : अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान** : इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार** : कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है** : याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

**उत्तर** 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### लू से झुलस रहे आमजन को मिली कुछ राहत

**सिरसा।** 46 डिग्री के पार चल रहे तापमान में शुक्रवार को कुछ राहत मिली। बाद दोपहर मौसम में बदलाव आया और आसमान में बादल छा गए। जिला के कई गांवों में हलकी बूंदाबांदी हुई और हवाएं चली, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आई। दोपहर तक आसमान से अंगारे बरस रहे थे। लोग लू के थपेड़ों से झुलस रहे थे। गुरुवार को रात के समय में भी गर्म हवाओं ने लोगों को बेचैन किया। शुक्रवार को दिन उगते ही सूर्य देवता अंगारे बरसाने शुरू कर दिए। बाद दोपहर मौसम में एकाएक बदलाव आया और आसमान में बादल छा गए और कहीं हलकी बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली।

### धान की सीधी बिजाई मशीन लेने को करें ऑनलाइन आवेदन

**सिरसा।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में धान की सीधी बिजाई मशीन (डीएसआर) के अनुदान के लिए 50 मशीनों का आबंटन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार ने बताया कि डीएसआर मशीन पर अधिकतम 40 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। स्कीम के दिशा-निर्देशों अनुसार अनुदान लेने के लिए किसान के नाम ट्रैक्टर की वैध आरसी और मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है। साथ ही, किसान ने पिछले 3 साल में डीएसआर मशीन पर अनुदान न लिया हो। उन्होंने बताया कि पात्र किसान को वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यू डब्ल्यूडॉटएग्रीहरियाणाडॉटजीओवी डॉटइन पर आवेदन करना होगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेला 16 को

**सिरसा।** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार तथा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में 16 जून को प्रातः दस बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस रोजगार मेले में कुल 12 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो युवाओं को शिक्षुता प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी।

### थुराना से सरिया चोरी में चार महिला काबू

**नारनौंद।** पुलिस ने गांव थुराना के निर्माणाधीन जलघर में से लोहा चोरी करने के आरोप में चार महिलाओं को पकड़ा है। आरोपितों की पहचान सुलचानी निवासी मीना, सलोचना, सीमा व मीना निवासी खांडा खेड़ी के रूप में हुई हैं। पुलिस के अनुसार चारों महिलाओं ने 11 जून को गांव थुराना के निर्माणाधीन जलघर में से लोहे का सरिया चोरी कर लिया था। वहां पर काम कर रहे गांव सामण निवासी सुनील ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। थाना नारनौंद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों महिला आरोपितों को गांव से ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महिलाओं से चोरी किया हुआ लोहे का सरिया भी बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। पुलिस ने चारों महिला आरोपितों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया है।

# योगयुक्त, नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प ले हर भारतीय : अनिल

- शिक्षण संस्थानों में योग प्रोटोकोल अभ्यास शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। शिक्षण संस्थानों में योगाभ्यास करवाते आयुष योग सहायक। फोटो : हरिभूमि

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के निर्देशानुसार व योग समन्वयक डॉ. अजीत कुमार व जिला योग स्पेशलिस्ट अंबिका पांटा के मार्गदर्शन में शिक्षण संस्थानों में योग शिविर का आयोजन किया जा रही है। इसी कड़ी में गांव भिरड़ाना स्थित आईटीआई में योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा गांव धांगड़ स्थित पॉलटेक्निक कॉलेज में भी यह शिविर आयोजित किया गया। शिविरों में आयुष योग सहायक जन्नत कुमार, पवन कुमार, सोनू रानी, कविता रानी व अनिल कुमार द्वारा योग प्रोटोकॉल अभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया।

आयुष योग सहायकों ने विद्यार्थियों व स्टाफ को शिथिलकरण, स्कंध खिंचाव, कटी चालन, घुटना चालन, खड़े होकर, बैठकर और पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले अभ्यास व पेट के बल लेट कर किए जाने वाले योगअभ्यास करवाए। इसके अलावा शीतली, नाडी शोधन, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास भी करवाया गया। आयुष योग सहायकों ने कहा कि योग हमारे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक आध्यात्मिक सामथ्र्य का विकास करके हमें मानव से महामानव बनाता है। योग हमें वसुदेव कुटुंबकम, विश्वबंधुत्व सहअस्तित्व एवं एकत्व में प्रतिष्ठित करके हमारी संपूर्ण न्यूनताओ, अपूर्णताओं, दुर्बलताओं व समस्त मानवीय पराधीनताओं से हमें मुक्ति प्रदान करके हमारे भीतर समस्त प्रकार की पूर्णता का समावेश करता है।

योग एक गूढ़, अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक विषय है, यह रूपांतरण का विज्ञान है। योग मात्र ऋषि मुनियों और विचारशील, विवेकवान लोगों के लिए ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति किसान, मजदूर ,व्यापारी व ग्रहस्थ जीवन एवं सन्यासी से लेकर विद्यार्थी आदि सभी के लिए ऋषियों की उत्कृष्ट देन है।

### अभ्यास में भाग लेने के लिए आभार जताया

*उन्होंने पॉलटेक्निकल कॉलेज धांगड़ व आईटीआई भिरड़ाना के स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों का योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण अभ्यास में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त किया व योग युक्त नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प भी दिलवाया। उन्होंने 21 जून को जिला स्तर पर एमएम कॉलेज में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा बढ़-चढकर भाग लेने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर आयुष योग सहायकों ने संस्थानो के स्टाफ के साथ मिलकर पौधारोपण करते हुए प्रकृति को संजोकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।*

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कर्मचारियों ने की बैठक

*ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने किया मंथन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें आगामी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। कर्मचारी नेता खुशीराम ने बताया कि हड़ताल की तैयारी को लेकर टीमें गठित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि कच्चे कर्मचारियों को बिना शर्त पक्का किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल की जाए, निजीकरण पर रोक लगाई जाए, स्थाई भर्ती की जाए, लाखों बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए, जनता को अच्छी सुविधा मिले, महंगाई पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, दुकानदार की तमाम मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक होगी। शुक्रवार को बैठक में सुरजीत सिंह बेदी, शीशपाल, भीम सिंह, नरेश, जयवीर, ओमप्रकाश, रविंद्र, सतपाल, भरत सिंह, अशोक कुमार, कुलदीप सिंह, रणसिंह व अन्य बिजली कर्मचारी भी मौजूद थे।



सिरसा। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर मीटिंग करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# सवा करोड़ ओम नमः शिवाय पाठ का महाजप 11 जुलाई को : कमल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस लाइन स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रावण मास के उपलक्ष्य में आगामी 11 जुलाई शुक्रवार से प्रातः 7:15 बजे से सवा करोड़ ओम नमः शिवाय पाठ के महाजप का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी कमल शर्मा ने बताया कि मंदिर में महादेव का ओम नमः शिवाय जप का आयोजन रूद्राक्ष की माला से आरंभ किया जाएगा एवं रुद्राभिषेक व पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। पंडित कमल शर्मा ने बताया कि ओम नमः शिवाय मंत्र के जाप से काया निरोगी होती है, जो इसका जाप करता है उसके जीवन से कष्ट खत्म हो जाते हैं। यह मंत्र व्यक्ति को अहंकार, शत्रुओं से शांत करता है और सही रास्ता दिखाता है तथा मन से चिंता को कम करता है। शिव पुराण के अनुसार, इस मंत्र के जाप से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं। पंडित कमल शर्मा ने बताया कि पूरे सावन मास चलने वाले इस महाजाप में लगभग ढाई करोड़ ओम नमः शिवाय जाप के पाठ करने का लक्ष्य रखा गया है। जाप के समापन पर यज्ञ का आयोजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह सावन का महीना भगवान शिव की पूजा के लिए विशेष माना जाता है। मंदिर के आसपास स्थित हुडा क्षेत्र, पुलिस लाइन कॉलोनी, अजय विहार, नई हाउसिंग बोर्ड, पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बरनाला रोड, प्रेम नगर, सचिवालय क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुगण इस महाजप में भाग लेंगे। पंडित कमल ने बताया कि मंत्र का जाप करने से भगवान शिव की कृपा बनी रहती है।

# विमान हादसे में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी, विद्यार्थियों ने रखा दो मिनट का मौन

- शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में हुई सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। विमान हादसे पर दो मिनट का मौन रखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हाल ही में अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए आज शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, अहरवां में विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान तीनों संस्थानों के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम की शुरुआत इंस्टीट्यूशंस के सचिव हरमीत सिंह के संक्षिप्त संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने इस दर्दनाक घटना पर शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे ऐसे कठिन समय में संवेदनशील बने रहें और पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति रखें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और शांति बनाए रखने का संदेश दिया। पूरा माहौल शोकाकुल रहा और हर किसी की आंखों में दिवंगतों के प्रति श्रद्धा और संवेदना झलक रही थी। संस्थान चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने कहा कि यह हादसा न केवल एक राष्ट्रीय क्षति है, बल्कि हम सभी के लिए व्यक्तिगत दुख है। ऐसी घटनाएं हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाती हैं और एकजुटता का संदेश देती हैं।

# टोहाना में गोल गप्पे खाकर रेहड़ी चालक को ठगने के मामले में दो युवकों को फतेहाबाद से किया गिरफ्तार

*6 मई को दर्ज हुआ था केस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना में गोल गप्पे खाकर रेहड़ी चालक से हजारों रुपये ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने फतेहाबाद से दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान बंटी कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी अशोक नगर फतेहाबाद व राजबीर पुत्र रामनरेश निवासी बीघड़ रोड, गुरनाम कालोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है।

थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 6 मई को गांव भूडनग़रिया, जिला अलीगढ़, यूपी हाल आजाद नगर टोहाना निवासी गोकुल सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह टोहाना बस स्टैण्ड के पास गोल गप्पे की रेहड़ी लगाता है। दो युवक उसकी रेहड़ी पर आए और गोल गप्पे खाकर बोले के वह पैसा लाना भूल गए। एक बार मोबाइल देना, उन्हें पैसे मंगवाने है। गोकुल ने बताया कि इसके बाद उसने अपना मोबाइल इन युवकों को दे दिया। इसके बाद उक्त युवकों ने धोखाधड़ी करके उसके फोन पे अकाउंट से 10 हजार रुपये दूसरे फोन पर भेज दिए। जब उसे अपने साथ हुए फ्रॉड का पता चला तो उसने अपना फोन चैक किया। इसके बाद उसने जब जिस नंबर पर पैसे भेजे गए थे, उस अकाउंट होल्डर अनिल से बात की तो उसने बताया कि उसकी टोहाना में श्री श्याम फोटोस्टेट के नाम से दुकान है। एक लडक़ा उसके पास आया था और कहा कि उसको कैश की जयरत है। वह उसे ऑनलाइन पैमेंट करवा देता है। इसके बाद 10 हजार रुपये पैमेंट ऑनलाइन आने के बाद वह उससे 10 हजार रुपये कैश ले गया है। इस पर रेहड़ी चालक ने अपने साथ हुए फ्रॉड बारे 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने केस दर्ज किया और अहम सुराग जुटाते हुए उन्हें रविदास चौक के पास से गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

### ड्रग इंस्पैक्टर के कमरे पर जाकर धमकाया

***फतेहाबाद।*** *फतेहाबाद में अज्ञात व्यक्ति द्वारा ड्रग इंस्पैक्टर के कमरे पर जाकर उसे धमकाने का मामला सामने आया है। इस मामले में सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में औषधि नियंत्रण अधिकारी फतेहाबाद दिनेश कुमार ने कहा है कि वह जीटी रोड पर पंचायत भवन के समीप लक्ष्मी फार्मेसी के ऊपर वाले रूम में रहता है। गत दिवस रात को करीब 10 बजे अज्ञात व्यक्ति उसके रूम का दरवाजा जोर-जोर से पीटने लगा। उक्त युवक चिल्ला-चिल्ला कर ड्रगस इंस्पैक्टर का नाम लेकर जान से मारने की धमकी दे रहा था। अधिकारी ने तुरंत शहर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और वहीं 10-11 कैमिस्ट भी मौके पर आ गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि अधिकारी के कमरे का दरवाजा पीटने वाला युवक एक गाड़ी में से थोड़ी दूरी पर उतरा था जिसमें 4-5 अन्य लोग भी सवार थे। अधिकारी ने कहा कि 7 मई को ड्रग बेचने सम्बंधित मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरा व्यक्ति अभी फरार है। उसे अंदेशा है कि यह व्यक्ति उनमें से एक या उनका कोई जानकार हो सकता है।*

# सांसद सैलजा ने ऐलनाबाद व रानियां क्षेत्र का किया दौरा, किसानों की सुनी समस्याएं

*किसानों ने सांसद सैलजा के समक्ष उठाया घग्गर जल वितरण विवाद का मुद्दा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



- सांसद बोलीं, सरकार से मांग की है कि सीधे किसानों से संवाद करें

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को ऐलनाबाद व रानियां क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान किसानों ने सांसद के समक्ष सिंचाई पानी की समस्या रखी, जिस पर सैलजा ने कहा कि सीएम को पत्र लिखकर कहा गया है कि जल वितरण को लेकर एक स्पष्ट, स्थायी और किसान-हितैषी नीति बनाई जाए, जिससे टेल क्षेत्र तक भी सिंचाई हेतु पानी की समान और सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जल वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत हो, जिसके लिए एक नियमबद्ध ढांचा तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना आवश्यक है। मानसून से पहले घग्घर नदी के तटबंधों की मरम्मत और नहरों की समुचित सफाई का कार्य शीघ्रता से पूरा करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि जल प्रवाह में किसी प्रकार की रुकावट न आए और किसानों को समय पर सिंचाई का लाभ मिल सके।

सांसद ने किसानों को बताया कि उन्होंने सरकार से मांग की है कि सीधे किसानों से संवाद कर व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित करें। सैलजा ने कहा कि सिरसा और आसपास के क्षेत्र के किसान लंबे समय से जल वितरण में असमानता, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो रहे हैं। टेल क्षेत्र के किसान विशेष रूप से पीड़ित हैं, जहां पानी पहुंचना भी मुश्किल हो गया है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सांसद ने सरकार से अपेक्षा की है कि इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके।

सांसद ने अहमदाबाद विमान हादसे को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है।

सैलजा ने कहा कि दो मिनट में जो त्रासदी घटित हुई, उसने कई घरों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। यह सिर्फ एक विमान हादसा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की गहन मानवीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। इस कठिन समय में वे पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि इस मुश्किल समय में सभी प्रभावित लोगों को शक्ति और सांत्वना मिले।

# राशन डिपो के स्टॉक में अनियमितता मिली, डिपो संचालक को नोटिस जारी

- एसडीएम ने विभिन्न राशन डिपो का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ टोहाना क्षेत्र के विभिन्न राशन डिपो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के वार्ड नंबर 20, वार्ड नंबर 16, वार्ड नंबर 14, चंदड़ खुर्द व फतेहपुरी के राशन डिपो का औचक निरीक्षण किया और डिपो संचालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और लाभार्थियों को समय पर राशन वितरण सुनिश्चित के लिए टोहाना क्षेत्र के विभिन्न राशन डिपो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक डिपो पर उपलब्ध राशन की मात्रा का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने डिपो संचालकों से पीओएस मशीन के डेटा की समीक्षा की और उसमें दर्ज स्टॉक की स्थिति का राशन स्टॉक से तुलनात्मक मिलान किया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि स्टॉक बोर्ड हर डिपो पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना चाहिए और उस पर प्रतिदिन की अद्यतन जानकारी अंकित की जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को डिपो की स्थिति की सटीक जानकारी मिल सके। एसडीएम ने निर्देश दिए कि डिपो तय समय पर खोले जाएं और राशन वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा और गुणवत्ता का राशन बिना किसी बाधा के उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करना डिपो संचालकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान फतेहपुरी स्थित राशन डिपो के स्टॉक में अनियमितता पाई गई जिस पर डिपो संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार, भीम ऑपरेटर एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तनिष्क सिरसा दे रहा सबसे बड़ा गोल्ड एक्सचेंज ऑफर

- पुराने सोने पर पाइए 2 कैरेट तक का अतिरिक्त मूल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सोने की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा परिवार के एक सदस्य, तनिष्क ने बहुत ही बेहतरीन, आश्चर्यजनक गोल्ड एक्सचेंज ऑफर की घोषणा की है। इसमें ग्राहकों को एक्सचेंज किए गए पुराने सोने पर 2 कैरेट तक अतिरिक्त मूल्य पाने का अवसर मिलेगा।

तनिष्क सिरसा स्टोर मैनेजर ने बताया कि ऑफर उपलब्ध में गहने एक्सचेंज करें और पुराने सोने के मूल्य पर 2 कैरेट तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा । आगामी 30 जून तक चलने वाले इस सीमित अवधि के ऑफर में सोने के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर 1 कैरेट अतिरिक्त तथा हीरों के आभूषणों की खरीदारी में पुराने सोने के मूल्य पर 2 कैरेट अतिरिक्त पाए।

उदाहरण के तौर पर, अगर आप नया प्लेन सोने का आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना 21 कैरेट और नया स्टडेड डायमंड आभूषण खरीद रहे है तो आपका 20 कैरेट का पुराना सोना 22 कैरेट बन जाएगा। आपको एक्सचेंज किए गए हर कैरेट के बदले अधिक मूल्य मिलेगा। यह ऑफर केवल नॉन-तनिष्क ज्वैलर्स से खरीदे गए पुराने सोने पर लागू है।

**रूबरू** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को अपने आवास पर नागरिकों से आत्मीय भेंट की

# दिन की शुरुआत जब अपने लोगों की मुस्कान से हो, तो मन सकारात्मक ऊर्जा से भर उठता है: बराला

*अपनीसमस्याओं और सुझावों को लेकर पहुंचे स्थानीय निवासी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को अपने निवास स्थान पर नागरिकों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी अपनी विभिन्न समस्याओं और सुझावों को लेकर पहुंचे। सांसद ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और यथासंभव त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सुबह-सुबह अपने निवास पर नागरिकों की आत्मीय उपस्थिति देखकर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि दिन की शुरुआत जब अपने लोगों की मुस्कान और स्नेह से होती है, तो मन स्वयं ही सकारात्मक ऊर्जा से भर उठता है। यही ऊर्जा जनसेवा को नई गति और गहराई देती है।

उन्होंने चाहे वह पारिवारिक मुद्दे हों, पेंशन से जुड़ी अड़चनें, ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी समस्याएं हों या फिर जनसुविधाओं का अभाव हर विषय पर नागरिकों से संवाद किया और समाधान की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने कहा जनसेवा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा है। क्षेत्र के लोगों का विश्वास और सहयोग ही उनकी प्रेरणा शक्ति है, और वे इसी समर्पण भाव के साथ निरंतर सेवा में रहेंगे।

राज्यसभा सांसद ने कहा सबका साथ, सबका विकास' की सोच के साथ केंद्र और प्रदेश सरकारें निरंतर जनहित में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में जो कहा उसे पिछले 11 साल में पूरा किया और उसे सिद्धि तक पहुंचाया। 2014 से पहले और 2025 तक के समय का मूल्यांकन 'करेंगे तो जमीन-आसमान का अंतर नजर आएगा। 11 साल में भारत ने तेजी से तरक्की की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, इस संकल्प को हम सभी को मिलकर सिद्धि तक पहुंचाना है। 11 वर्षों में लोगों का जीवन सरल हुआ है।

### जीवन सुविधाजनक बनाने में बदलाव

फोर लेन सडक़ों के विस्तार, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, अमृत सरोवर निर्माण, हर घर नल से जल और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे अभूतपूर्व प्रयासों के माध्यम से आम जनजीवन को सुविधाजनक और सम्मानजनक बनाने की दिशा में ठोस बदलाव आया है। इस मौके पर कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब की खेप के साथ युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान रानियां गेट क्षेत्र से एक व्यक्ति को 10 पेटी बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस सूचना के आधार पर वधवा हार्ड वेयर की दुकान पर दबिश दी तो एक व्यक्ति दुकान के बाहर सार्वजनिक जगह पर शराब की पेटियां रखे हुए बैठा था। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### धमकी देने वाला उद्घोषित काबू

**सिरसा।** पैसों के लेन देने के चलते डीसी कॉलोनी सिरसा में एक महिला को जान से मारने की धमकी देने वाले उद्घोषित अपराधी को सिविल लाइन थाना पुलिस ने काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधे श्याम ने बताया कि वर्ष 2020 में डीसी कॉलोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हरविंद्र उर्फ काका पुत्र प्रताप सिंह निवासी भगत सिंह कॉलोनी भावदीन हमारे घर पर आया और मेरे पति के साथ पैसों के लेनदेन को लेकर मुझे जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी, केस

**सिरसा।** शहर के एलआईसी रोड पर एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के बाहर से चोर बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में फतेहाबाद निवासी श्रीनिवास ने बताया कि वह बीती 12 जून की दोपहर को एलआईसी रोड स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर आया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बस अड्डा क्षेत्र से एक युवक को 5.90 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार ने बताया कि एएसआई अशोक कुमार पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान बस अड्डा डबवाली के पास मौजूद थे। इस दौरान एक युवक बस अड्डा के अंदर से पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो उससे नशीला पदार्थ मिला। आरोपी की पहचान रॉकी उर्फ संदीप पुत्र भारत भूषण निवासी वार्ड नंबर 14 मंडी डबवाली के रूप में हुई।

### बीज के लिए रखे गेहूं के 7 गट्टे चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव करीवाला में चोरों ने एक किसान के घर में बीज के लिए रखे गेहूं के 7 गट्टे चोरी कर लिए। पुलिस को दी शिकायत में बलदेव सिंह ने बताया कि उसने अपने घर में बीज के लिए 10 गट्टे रखे हुए थे। बीती 10 जून की रात्रि को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात्रि को चोरों ने 10 में से 7 गट्टे चोरी कर लिए। सुबह परिवार के लोग उठे तो घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# सिरसा के समग्र विकास को दर्शाती पेंटिंग का एडीसी ने किया लोकार्पण

## जिले के राजकीय स्कूलों में आयोजित करवाई गई थी पेंटिंग प्रतियोगिता, जिला स्तर पर 200 से ज्यादा कलाकृतियों के आधार पर तैयार हुई पेंटिंग

- कला अध्यापिका प्रवीण रानी के नेतृत्व में छात्रा निशा व प्रियंका द्वारा तैयार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में सिरसा के समग्र विकास को दर्शाती पेंटिंग का लोकार्पण किया। जिले के राजकीय स्कूलों में आयोजित करवाई गई पेंटिंग प्रतियोगिताओं के आधार पर 200 से ज्यादा कलाकृतियों के आधार पर यह पेंटिंग बड़ागुढा स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कला अध्यापिका प्रवीण रानी के नेतृत्व में छात्रा निशा व प्रियंका द्वारा तैयार की गई है। पत्रकारवार्ता में एडीसी ने बताया कि सिरसा के बारे में स्टूडेंट्स के विचार पेंटिंग के माध्यम से मांगे गए थे, जिसके बाद 200 से अधिक स्टूडेंट्स ने पेंटिंग के जरिए सिरसा के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया। उन्होंने बताया कि इस कलाकृति में सबसे ऊपर लड़ाकू विमान को दर्शाया गया है, जो सिरसा एयरफोर्स स्टेशन की हवाई ताकत को दर्शाता है। इसके बाद एस शब्द से किन्नू व सिरसा की बागवानी को शामिल किया है। आई शब्द से सरसाई नाथ मंदिर को दर्शाया गया है, क्योंकि सिरसा संत सरसाई नाथ जी की नगरी है। आर शब्द से हमारे किसानों की मेहनत को गेहूं-धान सहित अन्य फसलों की उन्नत खेती के रुप में दर्शाया गया है। एस शब्द से सफेद झींगा के रूप में सिरसा की प्रसिद्धि दर्शाई गई है। हरियाणा में सबसे अधिक झींगा मछली उत्पादन सिरसा में है। ए शब्द से एजुकेशन स्पिरिट व खेल में हॉकी को दर्शाया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में सिरसा के खिलाडियों की पहचान है। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थी सिरसा के बारे में क्या सोचते और जानते हैं, इसे पेंटिंग के रूप में तैयार करना था और इसी विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई।



**सिरसा।** सिरसा के समग्र विकास को दर्शाती पेंटिंग का लोकार्पण करते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और विभिन्न विषयों पर जागरूकता बढाने के लिए एक्टीविटी करवाई जाती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिन विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया है, उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सरसाई नाथ मंदिर के महंत सुंदराई नाथ, जिला शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, किसान रणजीत सिंह, किन्नु उत्पादक तारा चंद, गेहूं उत्पादक कलम रोज, वरिष्ठ हॉकी कोच हरविंद्र आदि मौजूद रहे।

## अहमदाबाद में विमान दुर्घटना पर शोक जताया

# जिला बार संघ ने विमान हादसे पर रखा नो वर्क डे

- अध्यक्ष गंगाराम ढाका की अध्यक्षता में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला बार संघ के अध्यक्ष गंगाराम ढाका की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने वीरवार को अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से विचार कर शुक्रवार को नो वर्क डे किया। सभी अधिवक्ताओं ने कहा कि कोई भी वकील किसी भी न्यायालय में आज पेशी पर नहीं जाएगा।

जिला बार संघ के अध्यक्ष गंगाराम ढाका व अन्य पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि यह हादसा पूरे देश को झकझोरने वाला है, क्योंकि विमान में सवार एक व्यक्ति को छोडक़र कोई भी व्यक्ति जिंदा नहीं बचा। यही नहीं जिस जगह विमान गिरा, वहां हॉस्टल था।

उन्होंने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि एकजुटता और सहानुभूति का है। जिला बार संघ उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है, जिन्होंने इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोया। अधिवक्ताओं ने कहा कि हम सब मिलकर प्रार्थना करें कि ईश्वर उनकी आत्माओं को शांति दे और प्रभावित परिवारों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत प्रदान करे। साथ ही गुजरात प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि राहत और बचाव कार्यों में कोई कसर न छोड़ी जाए, ताकि पीड़ितों को तत्काल सहायता मिल सके। जिला बार संघ के सचिव हरदीप सिंह सिधु ने भी दो मिनट का मौन धारण करके सभी अधिवक्ताओं ने एक साथ दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उधर, अहमदाबाद में विमान हादसे को लेकर विप्र सेना ने गहरा शोक प्रकट किया है। साथ ही हादसे में मारे गए लोगों की आत्माओं की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।



**सिरसा।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय क्षति : संजय शर्मा

विप्र सेना के जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि अचानक हुआ ये हादसा बड़ा दुखदायी है, क्योंकि इस हादसे में 250 से अधिक जानें चली गई। उन्होंने इस दुखद घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दो मिनट में जो त्रासदी घटित हुई, उसने कई घरों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। यह सिर्फ एक विमान हादसा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की गहन मानवीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। इस कठिन समय में विप्र सेना पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ है। शर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि मृतकों की आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# भीषण गर्मी में हीट स्ट्रोक का खतरा, सावधानी रखें : डीसी

- दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला प्रशासन ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर जिलावासियों से आह्वान किया है कि वे हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जरूरी बचाव, उपाय व सावधानियां बरतें। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हीट वेव के प्रभाव को कम करने और हीट स्ट्रोक के कारण गंभीर बीमारी या मृत्यु से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बरतें।

### मौसम की जानकारी रखें

स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान के लिए समाचार पत्र पढ़ें, रेडियो सुनें, टीवी देखें ताकि अपने क्षेत्र में गर्मी की तीव्रता का पता रहे। पर्याप्त पानी पीएं, हल्के रंग के ढीले और छिद्रपूर्ण सूती कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय काला चश्मा, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी, जूते या चप्पल पहनें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी जरूर रखें। घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन करें। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचानें। यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

**क्या न करें:** धूप में बाहर जाने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकलने का प्रयास करें। गहरे, भारी या तंग कपड़े पहनने से बचें। बाहरी तापमान अधिक होने पर कठोर श्रम वाली गतिविधियों से बचें। अधिक गर्मी के समय खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के क्षेत्र को पूरी तरह से हवादार बनाएं जिसके लिए दरवाजे और खिड़कियां खोलें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पीने से बचें।

## शिकायतों का तुरंत समाधान करें

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आ रही जन शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता से समाधान करें। शिविरों में आई जो भी शिकायतें लंबित है उनका जल्द से जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने शिविर में आई शिकायतों के निपटान, लंबित व रिजेक्शन की समीक्षा की। शिकायतों से संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए शिकायतों के समाधान की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निवारण करना है, इसलिए अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतें हर रोज समीक्षा करते हुए उनका समयबद्ध निवारण करें।

# हैजा व पीलिया से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी

- गले सड़े फल व सब्जियों का प्रयोग न करने की सलाह

**सिरसा।** गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिला में हैजा व पीलिया जैसी बीमारी की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश शांतनु शर्मा ने आदेश जारी कर जिला में गले सड़े फल, सब्जियां, कटे हुए फल, तरबूज, कटी हुई सब्जियां और गैर-प्रमाणित पानी से बने एरेटेड या मिनरल वाटर की बिक्री या प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। इसके साथ-साथ पब्लिक एनालिस्ट हरियाणा चंडीगढ़, स्टेट बैक्टीरियोलॉजिस्ट करनाल, माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट मेडिकल कालेज रोहतक अथवा मैडिकल अफसर इंचार्ज वाटर लैब, जनरल अस्पताल सिरसा के बिना पास किए गए मिनरल वाटर, बर्फ के गोले व अन्य चीजों पर रोक लगा दी है।

### ये दिए निर्देश

जिलाधीश द्वारा पारित आदेशों में यह भी कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का खुले में रखा जूस, केक, मिठाईयां, बिस्कुट और अन्य प्रकार की खाद्य सामग्री भी नहीं बेच सकता। आदेशों के अनुसार जिले में उक्त प्रकार की खाद्य सामग्री के निरीक्षण एवं जरूरत पडऩे पर उसे नष्ट करने के लिए जिले के सिविल सर्जन, सभी कार्यकारी मजिस्ट्रेट, डिप्टी सिविल सर्जन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी, नगर परिषद/समिति के कार्यकारी अधिकारी/सचिव, सरकारी खाद्य निरीक्षक, और अन्य अधिकृत अधिकारियों को अधिकृत किया गया है।

# रैली के माध्यम से रक्तदान के लिए किया प्रेरित

**सिरसा।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र कुमार भादू और प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा। बीटीओ डॉ. समता और डॉ. आरके दहिया ने राजकीय एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं को खून से संबंधित विकारों और समय-समय पर रक्त की आवश्यकता के बारे में भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस 2025 की थीम 'रक्त दान कीजिए, आशा दीजिए और साथ मिलकर हम जीवन बचाएंगे' है। किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़ और नेत्रदान परामर्शदाता राहुल शर्मा ने छात्राओं को शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ाने के उपाय, आयरन की गोलियां, एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन और नियमित योग के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कैंसर, थैलेसीमिया, गंभीर दुर्घटनाओं और ऑपरेशन के मामलों में रोगियों को बार-बार रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है।



**सिरसा।** जागरूकता रैली को रवाना करते सीएमओ।

## सीएमके में योग का अभ्यास करवाया

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुक्रवार को विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज प्राचार्या प्रो. रंजना ग्रोवर ने योग के वैश्विक महत्व, उसकी भारतीय परंपरा और दैनिक जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा का संतुलन है, जो व्यक्ति को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाता है। इसके पश्चात योग क्लब नोडल अधिकारी व यूनिट 1 इंचार्ज डॉ. दीपिका शर्मा व यूनिट 2 इंचार्ज शालू मेहता ने सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत योगाभ्यास करवाया।

# मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

- पेयजल व सिंचाई के पानी को लेकर सिंचाई विभाग के कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय किसान एकता के बैनर तले किसानों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर सिंचाई विभाग के कार्यालय में रोष जाहिर किया। इससे पहले जाट धर्मशाला में मीटिंग हुई जिसमें सिरसा व फतेहाबाद जिला के किसानों ने भाग लिया। बैठक में अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

किसान नेता लखविंद्र सिंह ने कहा कि कई महीनों से किसान व आमजन पीने व सिंचाई के पानी की कमी से जूझ रहे हैं। हर साल 21 मई से नहरों की सप्लाई के शेड्यूल बदले जाते हैं, जो अभी तक नहीं बदला गया है। नहरों में पानी की कमी से हजारों किसानों की नरमे व ग्वार की बिजाई नहीं हो पाई है। नहरी विभाग तुरंत प्रभाव से दो सप्ताह सप्लाई व एक सप्ताह बंदीवाला शैड्यूल जारी करे, जिससे किसान अपनी फसलों को पाल सकेंव पीने की पानी की किल्लत दूर हो सके। ओटू हैड पर हिसार-घग्गर ड्रेन पर बने साइफन की रिपेयर जल्द की जाए, ताकि शेरांवाली पैरेलल, एसजीसी नहर व कुत्ताबढ़ माइनर में पानी की सप्लाई दी जा सके। ओटू हैड पर रिपेयर के नाम पर लंबे समय से हो रहे भ्रष्टाचार की स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच करवाकर इसमें शामिल अधिकारियों के पर विभागीय कार्रवाई करवाई जाए। एनजीसी नहर पर बनने वाले साइफन का निर्माण करवाया जाए। बायोफर्टिलाइजर के नाम पर किसानों से हो रही लूट व धोखाधड़ी को बंद करवाया जाए, डीएपी व यूरिया खाद की उपलब्धता बिना किसी टैगिंग के सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शासन से आग्रह किया कि वह कृषि विभाग में फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए भी उचित कदम उठाए।



**सिरसा।** नहरी पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते किसान। फोटो : हरिभूमि

## प्राचीन श्री शनिधाम में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**सिरसा।** नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि धाम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाबो सा भगवान की परम अराधिका मंजू बाईसा विशेष रूप से आई। मंदिर में स्थापित भगवान बाबो सा महाराज के स्वरूप के समक्ष बाईसा ने ज्योत प्रज्जवलित कर बाबो सा भगवान की आरती की और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मंजू बाईसा ने बाबो सा भगवान की सवा तीन फुट की सात प्रतिमाएं भक्तों को उपहार स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर बाबोसा के भक्तों ने भजनों के माध्यम से उनकी महिमा का गुणगान किया। प्राचीन श्री शनि धाम मंदिर में आने पर श्री शनिदेव मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों चंद्रमोहन भृगुवंशी, आनंद भार्गव, गौरव जैन, मनोज जैन, योगेश भार्गव, दीपक भार्गव, राजन, गौरव भार्गव व अन्य ने फूलमालाएं भेंटकर स्वागत किया।

**क्राइम** — मां भगवती राइस मिल के संचालक की शिकायत पर डिंग पुलिस की कार्रवाई

# अग्रवाल सभा के प्रधान गौरव गोयल सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

एडवांस पेमेंट के बावजूद माल नहीं देने का आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अग्रवाल सभा सिरसा के प्रधान एवं मैसर्ज सुरेश कुमार गौरव गोयल के संचालक गौरव गोयल सहित पांच के खिलाफ डिंग थाना पुलिस ने विभिन्न के तहत मामला दर्ज किया है।

गौरव गोयल पर कारोबारी धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए है। गांव सिकंदरपुर स्थित मैसर्ज मां भगवती राइस मिल के संचालक राहुल गोयल निवासी हिसार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। राहुल गोयल की ओर से जेएमआईसी सिरसा कोर्ट में इस्तगासा दाखिल कर गौरव गोयल व अन्य पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए। शिकायत में बताया कि उनकी मैसर्ज सुरेश कुमार गौरव गोयल फर्म के साथ कारोबारी संपर्क थे। दोनों के बीच अनाज की खरीद-बेच किया गया। कभी भी नगद में खरीद नहीं की गई। गौरव गोयल द्वारा बेचे गए धान का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाता था। उनकी फर्म के साथ आखिरी खरीद-बेच 25 सितंबर 2024 को किया गया। शिकायत में बताया कि 26 सितंबर को मैसर्ज सुरेश कुमार गौरव गोयल को 70 लाख रुपये का भुगतान किया गया और 41 लाख 81 हजार 246 रुपये का अग्रिम भुगतान किया गया।

### ये था मामला

शिकायत में बताया कि जब एडवांस पेमेंट के बावजूद माल नहीं भेजा गया तो आरोपी गौरव गोयल टरकाने लगा। जब हिसाब करने के लिए कहा गया तो गौरव गोयल की ओर से एक करोड़ 77 लाख 37 हजार 418 लेने बताए। इसके बाद उन्होंने अपने खाते से गौरव गोयल द्वारा दी गई स्टेटमेंट का मिलान किया तो पाया कि 10 बिल फर्जी थे। जिनका कोई माल उनके पास नहीं पहुंचा और न ही कभी रिसीव किया गया। इस बारे में उन्होंने ई-मेल के जरिए आरोपी को सूचित भी किया।

### फर्जी बिल का मामला

शिकायतकर्त्ता राहुल गोयल की ओर से कोर्ट में दाखिल इस्तगासे में इस आश्य का भी उल्लेख किया कि आरोपी गौरव गोयल के खिलाफ फर्जी बिलों को लेकर सीबीआई कोर्ट में मामला चल रहा है। आरोपी की ओर से उनकी फर्म को जिन ट्रकों से माल पहुंचाने का दावा किया गया, कालांवाली ट्रक आपरेटर एसोसिएशन ने उनके यूनियन में खड़े होने का बयान दर्ज करवाया है। आरोपी ने फर्जी गवाह भी खड़े किए। मामले में डिंग पुलिस ने गौरव गोयल, तेज सिंह, गुरसेवक सिंह, संजय कुमार व विजय के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

### गौरव गोयल की शिकायत पर भी दर्ज है मामला

मैसर्ज सुरेश कुमार गौरव गोयल के संचालक गौरव गोयल की शिकायत पर डिंग पुलिस द्वारा मां भगवती राइस मिल के संचालक मोहन लाल पुत्र करडा राम गोयल एवं राहुल गोयल निवासी मोतीनगर हिसार, नवीन गुप्ता पुत्र सुभाष चंद्र व धीरज मुनीम के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। मां भगवती राइस मिल संचालकों पर एक करोड़ 77 लाख 37 हजार 418 रुपये के गबन का आरोप लगाया था।